**EVIDENCE TENDERED BEFORE THE JOINT COMMITTEE OF THE HOUSES ON THE PREVENTION OF WATER POLLUTION BILL, 1969**

SHRI KRISHAN KANT (Haryana) Sir, I beg to lay on the Table a copy of the evidence tendered before the Joint Committee of the Houses on the Bill to provide for the prevention of water pollution and the maintaining or restoring of wholesomeness of water, for the establishment, with a view to carrying out the purposes aforesaid, of Prevention of Water Pollution Boards, for conferring on such Boards functions relating thereto and for matters connected therewith

---

**MOTION RE EXTENSION OF TIME FOR THE PRESENTATION OF THE REPORT OF THE JOINT COMMITTEE OF THE HOUSES ON THE ADOPTION OF CHILDREN BILL, 1972.**

SHRI S D MISRA (Uttar Pradesh) Sir, I beg to move the following motion —

"That the time appointed for the presentation of the Report of the Joint Committee of the Houses on the Adoption of Children Bill, 1972, be extended up to the first day of the Eighty third Session (Budget Session) of the Rajya Sabha "

*The question was put and the motion was adopted*

---

**REFERENCE TO CIA BADGE BEING ALLEGEDLY WORN BY A MEMBER OF PARLIAMENT**

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal) Sir, I have to bring to your notice a matter of importance

MR DEPUTY CHAIRMAN Have you taken permission from the Chairman?

SHRI BHUPESH GUPTA Just now it has come to my knowledge It is very serious A gentleman in this building is going round with a badge "I am a CIA agent" It is a very important thing Kindly hear It is a matter of importance I bring this to your notice to find it out If he is serious then he has announced his case In that case he should be taken into custody If it is treated as a light joke then, Sir, it is derogatory to Parliament House

The CIA is against our country A Member—and he happens to be the Chairman of the Swatantra Party—is wearing that badge and is going about I should like to know where we stand.

MR DEPUTY CHAIRMAN. I have not come across any such badge The House stands adjourned till 2 00 P M

*The House then adjourned for lunch at six minutes past one of the clock.*

---

The House reassembled after lunch at two of the clock, MR DEPUTY CHAIRMAN in the Chair

**MOTION RE TWELFTH REPORT OF THE COMMISSIONER FOR LINGUISTIC MINORITIES**

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI F H MOHSIN) Mr Deputy Chairman, I beg to move

"That the Twelfth Report of the Commissioner for Linguistic Minorities for the period from 1st July, 1969 to 30th June, 1970, laid on the Table of the Rajya Sabha on 13th April, 1972, be taken into consideration "

श्री गनेशी लाल चौधरी (उत्तर प्रदेश) पौइन्ट आफ आर्डर । सर आप अंग्रेजी और हिन्दी का एजेंडा देखे । हिन्दी के एजेन्डा मे लिखा हुआ है । "1 जुलाई, 1969 से 30 जून, 1970 तक की अवधि के लिये भाषाई अल्पसंख्यकों के आयुक्त के बीसवे प्रतिवेदन पर, जो 13 अप्रैल, 1972 को राज्य सभा के पटल पर रखा गया था, विचार किया जाये ।" श्रीमन्, अंग्रेजी के एजेन्डा मे 12वां है और हिन्दी के एजेंडा मे 20वां प्रतिवेदन है । तो जरा इसका क्लेरिफिकेशन कर दिया जाय ।

श्री उपसभापति : वह प्रिंटिंग एरर है, 12वीं रिपोर्ट है ।

SHRI F H MOHSIN The Indian society is a multi lingual society The framers of our Constitution rightly felt the need for incorporating in our Constitution a comprehensive scheme for giving necessary protection to the liguistic minorities so that they may develop a sense of security and are in a position to conserve and develop their own script and language Articles 29, 30 347, 350 and 350A of the Constitution have a direct bearing on the safeguards for the linguistic minorities The last article was introduced in the Constitution to give further safeguards to the linguistic minorities in the matter of instruction in the

[Shri F. H. Mohsin]

mother tongue at the primary stage of education to children belonging to linguistic minority groups in the light of the recommendations made by the States Reorganisation Commission. From time to time decisions have been taken at the national level and specially in the meetings of the Chief Ministers and the Central Ministers held in August 1961 to evolve specific schemes for safeguarding the interest of linguistic minorities in the matter of educational and administrative facilities. As a result of these decisions a scheme of safeguards has emerged and it is the duty of every State Government and the Union Territory Administration to make administrative arrangements for implementing the scheme.

In accordance with article 350B of the Constitution, the office of the Commissioner for Linguistic Minorities was set up in 1957. The main functions of the Commissioner are to investigate in accordance with the provisions of article 350B(2) all matters relating to safeguards provided for linguistic minorities and to report to President upon these matters at such intervals as the President may direct. The Commissioner prepares annual reports regarding implementation of Constitutional safeguards as also safeguards agreed to at the national level for the linguistic minorities. The Commissioner also receives complaints from the linguistic minorities and takes up the matter with the concerned State Governments for remedial action. However, the Commissioner is not an executive agency and the main responsibility for implementing the agreed safeguards is that of State Governments. The reports of the Commissioner are welcome inasmuch as they give an accurate and impartial account of the position of facilities that have been assured to be provided to the linguistic minorities. As the deficiencies in this regard are highlighted in the report Statewise, these have been of great help to the State Governments and enable them to devise ways and means to solve the problems of linguistic minorities to their satisfaction.

Up till now 12 reports have been laid on the Table of both the Houses of Parliament. The first seven reports were discussed in Parliament, either in both the Houses or in Lok Sabha or in Rajya Sabha and 8th to 10th Reports could not be discussed in Parliament. The Eleventh Report was discussed in the Lok Sabha and Rajya Sabha on the 17th and 18th November 1971 and 24th November 1971 respectively. The Twelfth Report was laid on the Table of this House on the 13th of April, 1972 and it is with a view to discussing this report that I move this motion.

*The question was proposed.*

**श्री बनारसी दास** ( उत्तर प्रदेश) उपाध्यक्ष महोदय, भारत की एकता वास्तव मे भारत की विभिन्नता के सम्बन्ध मे है । हमारा देश बहुत बडा है और इसमे बहुत सी प्रदेशीय भाषाये है और हमारी सस्कृति भी जभी पनप सकती है जब कि सभी भाषाओ का पूर्ण रूप से विकास हो। प्रदेशो के साथ भावनाओ का बडा भारी सबध होता है । यद्यपि हमारे सविधान मे अल्पसख्यकीय भाषाओ के विकास के लिये, प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूल्स मे इन भाषाओ के द्वारा, उनके माध्यम मे शिक्षा की व्यवस्था का निदेशन किया गया है, लेकिन यह हम सब लोगो के लिये बडे दु:ख का विषय है कि अभी तक भाषायी दगे होते है जो कि भारतवर्ष को कलकित करते है। अभी आसाम मे बगाली और असमियो के बीच झगडा हुआ, उडिया और बिहारी भाषा को ले कर झगडे होते है, दक्षिण मे अलग भाषायी दगे होते है, उत्तर प्रदेश मे भी अल्पसख्यको मे उर्दू भाषा के लिये बडा क्षोभ पाया जाता है ।

यद्यपि कास्टीट्यूशन के आर्टिकल 29 के अन्तर्गत यह साफ-साफ लिखा है :

> "Any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, script or culture of its own shall have the right to conserve the same."

तो यह कास्टीट्यूशन के अन्दर आर्टिकल 29 मे सस्कृति के सरक्षण के लिये, उसके सवर्धन के लिये और उसकी रक्षा करने के लिये विधान किया गया है और आर्टिकल 30 के अन्दर भी कहा है :

> "All minorities, whether based on religion or language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice."

परन्तु सविधान के अन्तर्गत कितना ही संरक्षण क्यो न हो यदि उसके लिये शासकों मे भावना

नही है तो वह संरक्षण बिलकुल बेकार हो जाता है। इस सम्बन्ध मे मै यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आठवें शेडयूल्ड के अन्दर जो भाषायें दी गई है, उनमे ऐसा लगता है कि बहुमत की भाषा एक पाश्चात्य भाषा, अंग्रेजी भाषा है और बाकी हिन्दी और उर्दू और सभी भाषा माइनारिटी भाषा है। तो न केवल आठवे शेडयूल्ड मे दी हुई उन भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता है, बल्कि हिन्दी जिसको कि राजभाषा घोषित किया गया है, वह भी एक अल्पसंख्यक भाषा हमारे देश की है और उसकी भी रक्षा करने की आवश्यकता है।

सन् 1946 ई० मे जब यहां शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ, महात्मा गांधी ने उसका उद्घाटन किया तब दक्षिण के एक मंत्री ने कहा कि बापू आप हमारी सुविधा के लिये कुछ शब्द अंग्रेजी में बोलिये, गाधी जी ने कहा कि यदि आप हिन्दी नही जानते तो आप क्यों मत्री बने। जब अफ्रीका के अन्दर गांधी जी थे तब श्री गोखले सन् 1903 ई० में वहां गये, वह हिन्दी नही जानते थे तो गांधी जी ने उनसे इस बात का अनुरोध किया कि वह मराठी के अन्दर बोलें और वह स्वयं हिन्दुस्तानी के अन्दर उसका ट्रांस्लेशन करेंगे। गांधी जी सन् 1916 ई० में हिन्दू विश्वविद्यालय के वाराणासी के उदघाटन के समय वह हिन्दी में ही बोले, लेकिन आज ऐसा मालूम पड़ता है कि हिन्दी भी एक अल्पसंख्यक भाषा हो गई है। मै समझ सकता हूं कि जिन प्रदेशों मे हिन्दी भाषा नही समझते वहां के लोग अपनी भाषा मे बोल सकते है, लेकिन ऐसा मालूम पड़ता है कि हमारे जो शासक लोग है उन पर पूरी तरह से सास्कृतिक गुलामी की छाप पड़ी हुई है। महात्मा गांधी ने कहा कि अंग्रेजी को वर्तमान स्थान से हटाना पड़ेगा यदि भारत की सांस्कृतिक एकता को, भारत की आजादी को कायम रखना है। लेकिन इससे ज्यादा लज्जा की बात और नही हो सकती कि पच्चीस साल के बाद भी आज अंग्रेजी भाषा का साम्राज्य है। चाहे और प्रकार का, राजनैतिक प्रकार का पाश्चात्य साम्राज्य समाप्त हो गया है, लकिन अभी भी यह भाषाइ-गुलामी हमारे देश के अन्दर कायम है।

तो मै चाहता हू कि यह जो कमिश्नर है, उनके सुपुर्द यह काम भी किया जाय कि यह राजभाषा जो स्वयं एक रिफ्यूजी बना दी गई है, जिसे अनाथालय में भेज दिया गया है, जिसे अल्पसंख्यक बना दिया है, उसके सरक्षण के लिये, उसकी रक्षा के लिये उपाय करे और खास तौर से जो मिनिस्टर्स है उनकी ब्रेन-वाशिग के लिये कुछ करें। शासक लोगों के लिये ऐसा मालूम पड़ता है कि अंग्रेजी बोलना उनकी सभ्यता और उनकी संस्कृति का एक बड़ा भारी पैमाना है और उसमें लज्जा नही महसूस होती है, जहां कहीं बाहर भी जाते है तो उसमें लज्जा नही महसूस होती। गांधी जी की यह सब से बड़ी खूबी थी कि उन्होने हमे एक भाषा दी, उनकी एक भाषा थी, एक व्यक्तित्व हमको दिया, जिससे कि हमारी राष्ट्रीयता की एक प्रतिभा संसार के सामने आ सकी, तो उन्हे क्या वजह है कि पच्चीस साल के बाद भी आज वह भावात्मक एकता नही है। जब कि हमारे देश में यातायात की सुविधाए नही थी तब आदि गुरू शकराचार्य ने एक सस्कृत भाषा के जरिये मे तमाम देश को एक संस्कृति के सूत्र के अन्दर बांध दिया था। लेकिन आज जब कि स्थान और काल का अन्तर हवाई जहाज के द्वारा मिटा दिया गया है और आज जब कि चन्द्रलोक पर भी लोग पहुच रहे है तब आज के युग के अन्दर भी ये भाषाई झगडे हों और हमारे देश के अन्दर एक प्रकार की नीति न हो इसमे ज्यादा लज्जा की कोई बात नही हो सकती।

यह रिपोर्ट हमारे सामने है, लेकिन यह कोई एक दल का प्रश्न नही। सवाल एक दृष्टिकोण का है, सवाल एक हृदय-परिवर्तन का है। केवल एक मानसिक दृष्टि से इस प्रश्न पर बहस करने की आवश्यकता नही है, हृदय-परिवर्तन की भी आवश्यकता है और सबसे बडी आवश्यकता यह है कि भारत की संस्कृति, भारत की सभ्यता और भारत की जो राष्ट्रीयता है, उसके प्रति पहली

[श्री बनारसी दास]

निष्ठा हमारे हृदय के अंदर हो, उनकी एक सास्कृतिक निष्ठा हो। सेनाओ के जरिये किसी देश को मुक्त किया जा सकता है और गुलाम बनाया जा सकता है, लेकिन किसी देश की सास्कृतिक आज़ादी को लोगो के हृदय-परिवर्तन द्वारा ही फिर से हासिल किया जा सकता हे। मै यह चाहूगा कि कम से कम यहा पर तो अनुवाद की सुविधा है, मिनिस्टर को आप आदेश दे कि वे राष्ट्र भाषा क अंदर बोल करे, अगर वह राष्ट्र भाषा के अंदर नही बोल सकते है, तो क्षेत्रीय भाषाओ के अंदर बोला करे। कम से कम सविधान का तो वे यहा पर अपमान न करे। राष्ट्रपिता को 2 अक्तबर को श्रद्धाजलि दे और फिर इस तरह राष्ट्रपिता को रोजाना क्रसिफाई करे, रोजाना उनका उपहास करना उचित नही मालूम पडता है। राष्ट्र का जो नेता होता हे वह राष्ट्र की मूर्ति होती है।

श्रीमन्, जो अल्पसख्यक भाषायी लोग ह—जैसे उत्तर प्रदेश की बात कहता हू—हमारे यहा उर्दू अल्पसख्यक की भाषा है, तो उर्दू के लिये प्रतिवेदन के 335 पैराग्राफ के अंदर यह कहा गया है कि·

"There are State Government Orders that at the secondary stage arrangements should be made for providing instruction through the medium of minority languages where one-third of the pupils make a request for it The Rules framed for imparting instruction at the secondary stage in Uttar Pradesh do not appear to provide scope for instruction through any minority language"

तो श्रीमन्, ये इन्सट्रक्शन होते हुए, माइनारिटी लैंगुएजेज के जरिये से सेकेन्ड्री स्टेज पर वहा शिक्षण की कोई व्यवस्था नही है और जैसा प्रारंभिक रिपोर्ट के अंदर कहा गया है शिक्षा मे प्राइमरी स्टेज पर, कम से कम किसी स्कूल के अंदर 40 लडके हो और किसी कक्षा के अंदर 10 लडके अगर मिनिमम हो तो वहा पर माइनारिटीज भाषा के माध्यम मे शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिये और सेकेन्ड्री स्टेज पर भी अपनी मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिये। लेकिन वहा व्यवस्था नही है, जैसा कि पैराग्राफ 337 मे कहा गया है :

'The Uttar Pradesh Government have not agreed to maintain registers for linguistic minority pupils at the secondary stage of education"

अगर एडवास्ड रजिस्टर्स उत्तर प्रदेश के स्कूल्स के अदर नही बनेगे तो वहा पर शिक्षको और साथ ही विद्यार्थियो के लिये व्यवस्था कैसे हो सकती है। जैसा कि आयुक्त ने अपनी रिपोर्ट के अंदर कहा है कि जब तक कि एडवान्स रजिस्टर्स नही होगे, तब तक इस साल का पता लगाना भी बड़ा कठिन है कि हायर सेकेन्डरी स्टेज पर विद्यार्थियो के लिये, माइनारिटी भाषी के माध्यम से किस प्रकार से व्याख्या की जा रही है। जैसा रिपोर्ट मे कहा हे कि एक केन्द्रीय हैडक्वार्टर मे इस बात की व्यवस्था है कि माइनारिटी भाषा मे यदि कोई प्रतिवेदन हो तो वहा पर एक विभाग है, जिसके द्वारा उसका उत्तर उसी लिपि के अंदर भेजा जा सकता है। यह सुविधा जिला केन्द्रो के ऊपर भी होनी चाहिये। उत्तर प्रदेश मे यह एक स्वागत का विषय है कि वहा पर नोटिफिकेशन और कानून वगैरह को उत्तर प्रदेश के गजट मे उर्दू मे भी छापने की व्यवस्था की गई है। आज हमारी 58 करोड़ की आबादी है, अगर हम चाहते है कि यहा के लोग स्वेच्छा से कानून को अमल मे लाये और अपने ऊपर अनुशासन लाए, सयम से काम ले तो इस बात की अत्यत आवश्यकता है कि हमारे केन्द्र और प्रदेशो के कानूनो की जानकारी उन्ही भाषाओ के माध्यम से हो जिनको वहा के लोग जानते है। इसलिए चाहे केन्द्रीय कानून हो या प्रान्तीय कानून हो, हमारे सविधान मे जितनी भाषाए दी गई है, क्षेत्रिय भाषाए दी गई है, जो हमारी राष्ट्रीय भाषाए है, कोई वजह नही कि जितने भी कानून बनते है उनका उन भाषाओ मे अनुवाद न हो। जैसे हम यहा पर एजेन्डा देखते है वह हिन्दी मे भी होता है और अग्रेजी मे

भी होता है, लेकिन कानून का जहा तक सवाल है, तो हम देखते है कि जहा 30 लाख, 50 लाख या एक करोड के मुल्क है उनके यहा उनकी क्षेत्रीय भाषाओ मे कानून छापे जाते है, तब हमारी सभी भाषाओ मे क्यो नही छप सकता। जब केनैडा क अन्दर कई भाषाओ मे कानून बनाया जा सकता है, सोवियट रूस मे कई भाषाओ के अन्दर कानून बनाया जा सकता है, तो क्या वजह है कि हमारे देश के अन्दर जहा कई तरह की भाषाए है, वहा की जनता के लिए इडियन पीनल कोड, सिविल प्रोसिजियर कोड और क्रिमनल प्रोसिजियर कोड का तथा जितने कानून यहा पर बनते है, उनका सभी भाषाओ मे प्रकाशन आवश्यक क्यो नही मालूम पडता है ?

जिस वक्त 1971 मे चुनाव किया गया था, उस वक्त इस बात की आवश्यकता पर बल दिया था, लेकिन जो वादे उस समय किये गये थे वे आज तक पूरे नही किये गये। उस चुनाव के सम्बन्ध मे बडा दावा किया जाता है कि काग्रेस पार्टी को मासिव मैन्डेट प्राप्त हुआ है और हमारे प्रधान मत्री जी ने लखनऊ मे हजरत महल पार्क मे जाकर कहा था कि उर्दू यहा की दूसरी भाषा होगा। यही चीज श्रीमती इन्दिरा गाधी के गजट कौमी आवाज मे भी निकली कि ऊर्दू यहा की दूसरी भाषा होगी। जब चुनाव हो गये तो फिर जनता के नाम रेडियो पर प्रधान मत्री जी का भाषण प्रसारित किया गया कि "मुझे याद नही पडता कि कोई ऐसा आश्वासन मैंने दिया है, लेकिन ऊर्दू की तरक्की होनी चाहिये"। तो आज आवश्यकता इस बात की है कि माइनारिटीज की भाषाओ के साथ केवल चुनाव जीतने के लिए उपहास न किया जाय। अगर इस तरह की बात की जाती है तो फिर वह भारतीय एकता तथा भारतीय सास्क्रतिक एकता के साथ एक प्रकार स उपहास करना होगा। मै समझता हू कि देश मे भावात्मक एकता प्राप्त करने के लिए, देश को एक सूत्र मे बाधने के लिए सकीर्णता से नही बल्कि उदारता और सहिष्णुता के साथ काम करना चाहिये तथा जो हमारी क्षेत्रीय भाषाए है, अल्पसख्यको की भाषाए है, उनकी भावना का समादर करना सब से बडा आवश्यक कार्य है। यदि हमारे अन्दर समादर नही होगा सकीर्ण दृष्टिकोण होगा, तो इतने बडे देश को एक सूत्र मे बाधना बडा कठिन होगा। जब हम चुनाव के वक्त वोटर लिस्ट को सभी भाषाओ मे छाप सकते है, तो क्या कारण है कि उत्तर प्रदेश के अन्दर सभी जिलो मे केवल रामपुर और सहारनपुर मे क्यो करयानी 54 जिलो मे वोटर लिस्ट को जनता की भाषा मे क्यो नही छापते। जब वहा पर पार्टी वाले ऊर्दू मे वोटर लिस्ट को छापते है और बाटते है तो सब जगह इस तरह की व्यवस्था क्यो नही की जाती है ? जब बनारस और इलाहाबाद मे बगला के अन्दर वोटर लिस्ट छाप कर बाटी जाती है, तो उत्तर प्रदेश मे जो अल्पसख्यक दूसरी जातिया है, मराठी है, गुजराती है, सिन्धी है और बगाली है, उनकी वोटर लिस्ट उनकी भाषा मे क्यो नही छापी जाती है ? जब ऊर्दू भाषा मे वोटर लिस्ट सभी जिलो मे राजनेतिक दलो द्वारा छापी और बाटी जा सकती है तो सरकार द्वारा उर्दू मे लिस्ट क्यो नही छापी और बाटी जाती है ?

इसी तरह मे प्रोसीडिग की बात है, जो स्वेच्छा से जिस भाषा मे चाहता है, उसको उस भाषा मे क्यो नही मिलती है। इसी प्रकार से प्रतिवेदन और शिकायत जो जिला स्तर पर दी जाती हे वह भी लोगो को अपनी भाषा के अन्दर देने का अधिकार होना चाहिये। ज्यादा से ज्यादा आप वहा पर अनुवाद का एक विभाग खोल सकते है। लोकतत्र मे जनता के हृदय पर विश्वास प्राप्त करने के लिए इस तरह की सब कार्यवाही करनी चाहिये, क्योकि आज हमारा देश कोई पुलिस स्टेट नही है, अगर हम जनता का विश्वास प्राप्त करना चाहते है, तो हम को उन्हें छोटी सी छोटी सुविधा भी देनी होगी। इसी प्रकार से आज जिस तरह से आसाम के अन्दर दगे हुए है, जिसकी वजह से वहा पर कुछ दिन पहिले दगो मे बहुत लोगो की जान चली गई। वहा पर जनता

[श्री बनारसी दास]

की यह माग थी कि यूनीवर्सिटी के अन्दर पढाई का माध्यम आसामी और बगाली हो । मै यह पूछना चाहता हू कि इस प्रकार के प्रश्न क्यों पैदा होते है ? हम पहले से ही दूरदर्शिता से काम क्यो नही लेते और स्वय ही इस चीज के समाधान करने का प्रयास बहुत जोरो से पहिले क्यो नही करते? जब समस्या विस्फोटक हो जाती है और वह भयकर रूप मे हमारे सामने आती है, तो फिर हम उस पर थोडा सा पानी छिडकने की कोशिश करते है । तो मै यह कहना चाहता हू कि इस तरह की बातो से समस्या का हल नही हो सकता है । इसलिए मै आपके द्वारा चाहूगा कि जैसा आयुक्त ने कहा है कि इस चीज का इम्पलीमेटेशन तो स्टेट के द्वारा होगा, इसमे कठिनाई क्या है? आज स्टेटो मे मुगल साम्राज्य की तरह सूबेदार बैठे हुए है । वहा पर हुए जो चीफ मनिस्टर है वे दिल्ली के जरिये मुकर्रर किये गये है । मिर्जा साहिब या प्राइम मिनिस्टर को क्या दिक्कत है कि या एक मुगलिया फरमान निकाल दे माइनारिटीज की भाषा को भी उचित स्थान दिया जाये, अगर यह स्टेट का विषय है ठीक है सविधान के अन्दर तो स्टेट मौजूद है, लेकिन वास्तव मे तो यह इडियन यूनियन है, जहा पर चीफ मिनिस्टर दिल्ली से फोन द्वारा नियुक्त किया जाता है । गुजरात मे सूबेदार ओझा हो गए, मध्य प्रदेश मे सूबेदार है, वे भी केन्द्र से बने वहा पर सेठी मुख्य मत्री भी हो गये है दिल्ली से नियुक्त सूबेदार और मुख्य मत्री परिपायवाची शब्द बन गए है । उडीसा के अन्दर श्रीमती नन्दिनी सतपथी हो गई । आज यह क्या उपहास बना रखा है, वे वहा पर मुख्य मत्री बनी हुई है और यहा की सदस्यता भी बनाए हुए है । हम कहते है कि इससे ज्यादा लज्जा की बात शासक दल के लिए और कोई नही हो सकती है । जिस रोज वे वहा पर चीफ मिनिस्टर बनी थी उसी दिन इस सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे देना चाहिये था । (*Interruptions*) मै टी० एन० सिह जी के बारे मे जानता हूं, जब वे उत्तर प्रदेश के मुख्य मत्री थे, तो वहा पर मिली-जुली सरकार थी, लेकिन यहा पर शासक दल की सरकार है और आपको आज एक आदर्श रखना चाहिये था । क्या रूलिग पार्टी को वहा की जनता पर विश्वास नही है कि वह उन्हे नही चुनेगी ? जिस दिन नन्दिनी सतपथी वहा पर मुख्य मत्री बनी थी उसी दिन उन्हे यहा से त्यागपत्र दे देना चाहिये था और चुनाव लड कर एक स्वस्थ परम्परा कायम करनी थी ।

SHRI S S MARISWAMY (Tamil Nadu) In case she fails, what will happen?

SHRI BANARSI DAS My dear friend, there are so many here She can be provided some berth somewhere She can be provided a berth there in some orphanage.

**डा० आर० के० चक्रवर्ती** (पश्चिमी बगाल) : प्रोबेशनरी पीरियड 6 मन्थ्स का होना है, यह प्रोबेशनरी पीरियड है ।

**श्री बनारसी दास** सविधान मे यह प्रावीजन दी हुई है, लेकिन यह उसकी स्पिरिट नही है । मै आपको याद दिलाना चाहता हू कि जब टी० एन० सिह मुख्य मत्री थे और आप आपत्ति करते थे तो आप आदर्श उपस्थित करने का प्रयास कीजिए । जो पार्टिया कमजोर है, जो पार्टिया अल्पसख्यक है, उनके लिए कुछ अपवाद हो सकता है । लेकिन अगर शासन इस प्रकार का व्यवहार करता है तो उसके लिए न कोई प्रिसिडेन्ट हो सकता है और न किसी प्रकार का औचित्य हो सकता है ।

तो, श्रीमन्, मै आपके द्वारा निवेदन करना चाहता हू जैसे बिहार के अन्दर उर्दू का स्थान नही है, छोटा नागपुर मे उडिया का कोई स्थान नही है, बगाली का कोई स्थान नही है, आज जो भाषाई साम्राज्य है, जगह-जगह यह जो असहिष्णुता की भावना फैलती चली जाती है, पजाब और हरियाणा के अन्दर कोई फर्क नही है, थोडा बहुत लिपि का अन्तर है, रोजाना पजाब और हरियाणा के अन्दर विवाद खडा हो जाता है । पजाब के अन्दर इत्तीफाक से हिन्दी-भाषी कुछ उधर चले गए तो हिन्दी

उनके लिए विदेशी भाषा बन गई और इत्तिफाक से दिल्ली के आस-पास पजाबी रह गए तो उनके लिए गुरुमुखी विदेशी भाषा हो गई । यह प्रतिवेदन आपका सही है । सही माने मे इसकी भावना के अनुरूप काम किया जाय और सदन इसमे जो भावनाए व्यक्त की गई है उन पर औपचारिक रूप से नही, हृदय से काम किया जाय, क्योकि यह दलगत राजनीति का विषय नही है, यह भारत की सास्कृतिक एकता का प्रश्न है । इसके लिए हृदय परिवर्तन किया जाय । सबसे पहले, जैसा कि हमारी प्रधान मत्री जी कहा करती थी, स्वदेशी की भावना शासक दल के लोगो के दिलो मे अपनाई जाय, उनका स्वदेशीकरण किया जाय और स्वदेशीकरण के साथ उनकी भाषा का भी स्वदेशीकरण किया जाय । यह बात न हो कि जबान उनकी हो लेकिन शब्द कही और के हो । सबसे पहला सवाल है राष्ट्र भाषा के स्वदेशीकरण का तभी जो अन्य भाषाए है, अल्पसख्यक भाषाए है, उनका विकास भी होगा । साथ-साथ केन्द्रीय स्तर पर, राजनीतिक स्तर पर आदेश दिए जाय कि जो सरक्षण सविधान के द्वारा प्रदत्त किए गए है, उनके अनुसार काम किया जाय ।

मै एक बात और कहना चाहूगा । एक तरफ आप यह प्रतिवेदन पेश कर रहे है और दूसरी तरफ इस सदन मे अलीगढ़ विश्वविद्यालय बिल पेश किया गया था । क्या यह आर्टिकल 30 का उल्लघन नही है ? जब मुसलमानो को, अल्पसख्यको को अपनी सस्था कायम करने का, उसकी व्यवस्था करने का अधिकार है तो मुसलमानो की इच्छा के बिना यह क्यो किया गया ? आप आज कामन सिविलकोड नही बना सकते, क्योकि बहुत सी माइनारिटीज नही चाहती । जब क्रिप्स मिशन आया था, उस वक्त इस बात का आश्वासन दिया गया था कि समस्त देश की पार्लियमेट मे कोई ऐसा विधेयक नही आएगा जिसमे पहले अल्पसंख्यका की सहमति नही ली जायगी । माना कि विभाजन हो गया, लेकिन उसके बाद भी हमने टूनैशन थ्योरी नही मानी । हमने भारत मे एक रूपता के सिद्धान्त को माना। तो मै आपसे पूछना चाहता हू कि क्या अलीगढ़ विश्वविद्यालय विधेयक आर्टिकल 29 और 30 के ऊपर बलात्कार नही करता । उनके सरक्षण का बड़ा भारी दावा प्रधान मत्री जी और यह दल करता है, क्या उन्होने उस पर सदन के मुसलमान सदस्यो की राय ली ? उत्तर प्रदेश के मुसलमान सदस्यो ने जो गवर्नमेन्ट मे भी बैठे है, क्या प्रधान मत्री को मेमोरेडम नही दिया था अलीगढ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध मे हमारे सविधान के अन्दर दिये हुए सरक्षणो का आदर किया जायेगा कि उसका स्वरूप क्या होगा, उसकी करेक्टरस्टिक्स क्या होगी, इसका फैसला मुसलमान ही करेगे तो किस तरह से आपका बनाया हुआ आयुक्त माइनारिटीज की कल्चर, माइनारिटीज की सस्कृति और उनकी भाषाओ का सरक्षण करेगा, जब आयुक्त नियुकत करने वाले आप इन कदमो से सरक्षणो को समाप्त करके अल्पसख्यको के अधिकारो पर कुठाराघात कर रहे है । तो यह चेतावनी का विषय है, यह मै आपसे निवेदन करना चाहता हू ।

इस रुदन करने से कोई लाभ नही अहमदाबाद मे हाल के चुनाव मे माइनारिटीज ने हमारा साथ नही दिया । माइनारिटीज कैसे आपका साथ देगी ? काठ की हाडी एक बार चढ़ सकती है । आप जो 22 प्रतिशत मत ले कर यहा बैठे है वह केवल मुसलमानो और हरिजनो के भरोसे ही आप यहा बैठे है, लेकिन अल्पसख्यको के प्रति यदि आप मे इतनी कृतज्ञता भी नही है, जिनके बल पर आप यहा सत्तारूढ है, कि आप उनके अधिकारो की रक्षा भी नही कर सकते तो आपका यह दिवालियापन ही है । हार्दिक और बौद्धिक । उसके साथ हमारी और सदन की हमदर्दी ही हो सकती है । तो मै अर्ज करूगा कि सविधान के द्वारा जो सरक्षण उन को दिये गये है उनको उनकी भावना और राय के अनुसार पूरी तरह से अमल मे लाने का प्रयास कीजिए और केवल इस बहाने कि यह विषय तो प्रदेश का है इस जिम्मेदारी को टाल देना, यह आपके लिए कोई औचित्य नही हो सकता, न आप के लिए कोई बहाना हो सकता

[श्री बनारसी दास]

है। जबकि ऊपर से ले कर नीचे तक आपका कंट्रोल है, जहा आपके दल की सरकार नही भी होती है, वहा आपके पास संविधान द्वारा प्रदत्त बहुत बड़ी शक्ति है और अगर नही भी है वही आपकी सरकार डिफेक्शन के बल पर सरकार गिरा सकती है। डिफेक्शन को रोकने का बिल भी ला रहे है, लेकिन इसके बावजूद आप रोज डिफेक्शन कराते है और इसलिए अगर जरूरत हो तो गवर्नमेंट को डिफेक्शन के दवारा बदल भी सकते है और अपने सूबेदार कायम कर सकते थे, जैसे श्रीमती नन्दिनी शतपथी को आपने उड़ीसा मे बैठा दिया है, तो यह कोई बहाना नही है कि क्योंकि वहा प्रदेशीय सरकार है, इसलिये हम केवल उनके गुड सेस से अपील कर सकते है और मै समझता हूं कि कोई वजह नही है कि आप क्यों न इन सरक्षणो को पूरी तरीके से अमल मे लाये।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: MR N R. CHOUDHURY.

SHRI N. R. CHOUDHURY (Assam): Mr Deputy Chairman, Sir, today we are discussing the Twelfth Report of the Linguistic Minorities Commission. At the moment, linguistic minorities in Assam have become a prey to linguistic chauvinists of the State. So, Sir, I, being the sole representative of the linguistic minorities of the State, shall confine my discussion only to the happenings in Assam.

Sir, Assam as a Chief Commissioner's province was carved out in 1874, with three Bengali speaking districts which were integral parts of Suba of Bengal, and five Assamese speaking districts and some hill districts, with unrelated, tribal language of their own.

Sir, if we just study the census figures of Assam right from 1911, we will find that some miracle has happened there in every census, particularly within the period between 1931 and 1951. In the 1931 census, the Assamese speaking people in Assam comprised only 28.15 per cent of the total population of Assam. The Assamese-speakers were in minority in all the districts, except Kamrup and Shibsagar districts. At present, in the State of Assam, Kachar is the only Bengali speaking district, according to census figures.

Now, I will draw your attention to census figures of Goalpara district In Goalpara district in 1911, the percentage of Bengali speaking population was 52.7, and that of Assamese-speaking population was 19.1 per cent. In 1931 Bengali-speaking population was 54 per cent and Assamese-speaking population was 18.31 per cent. In 1951 the picture miraculously changed. In 1951 the figures stand at 17.4 per cent. for Bengali-speaking population and 62 per cent for Assamese-speaking population. The then Census Commissioner remarks this to be a biological miracle.

SHRI GOLAP BARBORA (Assam): Who was that gentleman?

SHRI N. R. CHOUDHURY. I do not know, it is there in the Census Report of 1951.

SHRI GOLAP BARBORA: Is it Asoke Mitra?

SHRI N R CHOUDHURY. In 1931, according to the census figure, the percentage of Assamese speaking population in the whole State of Assam was 31.4 per cent and in 1951 it increased to 56.7 per cent, and all other linguistic groups in Assam declined Now, Sir, the Census Commissioner has made an observation on it. In 1951 there was a condition that the census was related to ownership of land and there was a fear among the linguistic minorities of the State that if they did not record themselves as Assamese speakers then they might be deprived of their ownership on land. So some people enrolled themselves as Assamese speakers. But in 1971 the trend reversed because of the fact that with the advent of Bengla Desh there was no fear of being deported and also by that time pucca *pattas* had already been issued to many So they were free from those fears and the trend reversed The present figure we know non officially; officially, you will be surprised to learn that till today the linguistic breakup of census for 1971 has not been published, and it will not be published now.

SHRI F. H. MOHSIN. It will be published, don't worry.

SHRI N. R CHOUDHURY: So, the position, as we know non officially, is that non-Assamese speaking people comprise 58 per cent of the total population of present Assam and 42 per cent of Assamese-speaking people.

SHRI MAHAVIR TYAGI (Uttar Pradesh): Is it your personal estimate or there is some record?

SHRI N R CHOUDHURY: It is non official I said. . . (*Interruptions*) . .

It is not impossible; it is possible. Not that it is convenient. In 1931 it was 31.4 per cent. If the number can rise to 56 per cent

in 1951 then it can fall also. Also the same process may follow, Sir.

DR. R. K. CHAKRABARTI: Why has not been the official report published?

SHRI N. R. CHOUDHURY: The States Reorganisation Commission says that any State having more than 70 per cent of a particular linguistic group can be unilingual. So Assam is not a case for being unilingual. Even then, the Official Language Act of Assam has been passed and that has been more or less accepted by all—though the Official Language Act of 1960 caused some new States to be created, like Meghalaya, Mizoram, Nagaland and so on and so forth.

Sir, these things happen now. You know, since 1948 it has become a fashion in Assam to go this way or that—today Bengalis, tomorrow Biharis, the next day Marwaris or the Muslims. Some sort of chauvinistic movement is going on there. You know every time in college hostels, be it university, or engineering college or medical college, this type of atrocities go on on the linguistic minority students residing there. This time it has crossed all limits, that is our assessment. As before there is a possibility of reversal of the process that took place in the 1951 census. The linguistic chauvinists of Assam want to settle this language question once for all and with that end in view an organised move has been made in Assam to oust the linguistic minorities from that State. You know the way the riots took place there, today in Nowgong, tomorrow in Tezpur, the next day in Dibrugarh and the following day in Sibsagar and so on. There was a planned effort; everywhere communications were cut off, the linguistic minorities were attacked and then section 144 was clamped. In village after village in the presence of the police they were completely ousted.

SHRI MAHAVIR TYAGI: Let us understand this clearly. 'Ousted', what does it mean? Have they left their villages?

SHRI N. R. CHOUDHURY: I will give you concrete cases.

DR. R. K. CHAKRABARTI: There are so many refugees all over there. In the railway stations in North Bengal, refugees are lying there on the platform.

SHRI NAGESHWAR PRASAD SHAHI (Uttar Pradesh): Government goes to the help of the Bangla Desh refugees but it cannot do anything for these Assam refugees. Ask your Prime Minister what she is doing about these people.

रिफ्यूजीज स्टेशन पर भूखे मर रहे हैं — यह सरकारी पार्टी के सदस्य कह रहे है।

SHRI N. K. CHOUDHURY: I will give the specific case of the Pandu College. The Pandu College filed a writ petition in the Supreme Court; that was their fault. On September 14/15 midnight just on the eve of the "Demand Day" declared by the A.A.S.U. representing students of the majority linguistic group three minority students of the Pandu College, Ganesh Chakravarty, Anil Bardhan and Shibu Biswas were brought to the police station in the small hours of the morning and they were beaten up like anything.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON (Kerala): I thought there was your Congress Government there.

DR. R. K. CHAKRABARTI: He is discussing the plight of the linguistic minorities in that State.

SHRI N. R. CHOUDHURY: No protection is being given to minority residents there. You know the most disquieting thing is the utilisation of the All India Radio station at Gauhati to blare out sinister propaganda against the linguistic minorities For days the A.I.R. Regional News Bulletin sought to propagate the cause of the chauvinist elements. The daily commentary "Ajir Prasanga" broadcast every evening at 7 15 P.M. from Gauhati served as the propaganda piece of the jingoists. The "Ajir Prasanga" items of October and November can be examined to verify this point.

SHRI GOLAP BARBORA: Did the Silchar Station of All India Radio refused to broadcast the Assam Chief Minister's statement?

SHRI N. R. CHOUDHURY: That I do not know; I am not in charge of the Administration.

SHRI GOLAP BARBORA: You should know that; he is the Chief Minister of the State.

SHRI N. R. CHOUDHURY: Now, Sir, I like to draw your special attention to what happened in the Assam Medical College, Dibrugarh. When the riot broke out in Dibrugarh, the Assamese students, aided by some staff of the Medical College at the connivance of the Principal, attacked the students and the teaching staff of the Medical College. They went to the Principal and sought his help for protection. But he refused. Then they appealed to him saying "You please arrange for police protection for us. We want to leave the hostel for a safer place. But again he refused". So they

[Shri N R Choudhury]
fled helter skelter, and when they fled like that many of them were killed Among them, one post graduate student Dr Manish Das was brutally killed there The most surprising fact is that the Academic Council of Gauhati University condoled the deaths of Assamese speaking students namely, Anil Bora, Mugormil Hoque and some others but they did not condole the death of even Dr Manish Das, who was a post graduate student and also a member of the staff of the Dibrugarh Medical College Everyone condoled the deaths of four or five persons who were killed mysteriously I use the word mysteriously' because who has killed them and how they were killed is yet to be found out All the same, their death have been mourned but so many people belonging to the minority linguistic group died and their deaths have not been condoned by the very same people Then another case The entire village of Netaji Colony near Duliaja was surrounded by the rioters and the entire village was burnt When the houses were burning .

SHRI KALYAN ROY (West Bengal) What were the police doing at that time?

SHRI N R CHOUDHURY I am telling you When the houses were burning the inmates were prevented from coming out and anybody who attempted to come out was thrown into the fire

SHRI KALYAN ROY By the police?

SHRI N R CHOUDHURY No, by the rioters The police came three hours after when the curfew had been clamped Our estimate is that about a hundred people lost their lives in that particular village, and just under the cover of curfew the dead bodies were lifted from that place and all traces of death were effaced As I said the press was censored Now, Sir, the Constitution gives the right to the linguistic minorities in the matter of education Articles 29 and 30 provide that any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice So no State can deny these rights to the linguistic minorities Sir, in Assam, as you may know an institution may be established by the linguistic minorities but they cannot control it The constitution of governing bodies of colleges is such that even though linguistic minorities may establish a college they cannot control it They cannot control it mainly because in our State educational institutions are controlled by Government So the linguistic minorities have no control over their institutions You may imagine, Sir, if the fate of a person becomes like the fate of those boys of Pandu College how the linguistic minorities can live there with their rights Now, the Assam Government has ordered a judicial enquiry in two or three cases where two or three Assamese boys have been killed Why should not such an enquiry be instituted in the case of the Assam Medical College and other places where the riot had taken a dangerous shape? Why should not some such judicial enquiry be instituted? That is one point I, on behalf of the linguistic minorities of Assam through you, appeal to the Government of India that some steps should be taken and particularly about the activities of the Principal, Assam Medical College the Deputy Commissioner, Nowgong and also the Police Superintendent, Dibrugarh A judicial enquiry should be instituted in the interests of linguistic minorities Not only that Within this short time I cannot explain the whole thing The matter of Dibrugarh, Golaghat, Duljian and Nowgong is inexplicable It cannot be explained Only a judicial probe can unearth the truth Truth should be unearthed Truth has not come out Even the press has been suppressed So, in the interest of humanity I appeal to the Government of India through you, to institute a judicial enquiry into the whole affair which is going on in Assam today Thank you, Sir

**श्री ग्रो३म् प्रकाश त्यागी** (उत्तर प्रदेश) उपसभापति महोदय, ग्राज का विषय काफी महत्वपूर्ण है। भाषा किसी भी देश की भावना ग्रोर ग्रात्मा की प्रतीक होती है। ग्रगर किसी देश को मारना हो, उसकी वर्तमान सस्कृति ग्रोर सभ्यता को समाप्त करना हो तो उस पर गोलिया चलाने की ग्रावश्यकता नही है, केवल उसकी भाषा खत्म कर दीजिए, उसका धर्म, सस्कृति, सभ्यता, साहित्य स्वत समाप्त हो जायेंगे। इसलिए हमारे सविधान मे राष्ट्रभाषा को ग्रोर माइनारिटीज भाषाग्रो को महत्व देते हुए जो कुछ लिखा गया है वही शब्द मै पढना चाहता हू —

'To achieve full integration it is necessary to realise the unity of the people as also their fundamental equality enshrined in the Constitution The Constitution provides necessary safeguards relating to language, culture, freedom of speech freedom of worship, equality of opportunity in matters of recruitment to service, in trade and commerce, etc ".

उसके बाद सविधान के आर्टिकल 29 (ए) मे लिखा है :–

'Any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, script or culture of its own shall have the right to conserve the same."

देश मे रहने वाला कोई भी भाषायी अल्पसख्यक वर्ग जिसकी अपनी भाषा है, जिसकी अपनी सभ्यता और सस्कृति है वह मर न जाय, इसलिए अल्पसख्यको की भाषाओ की सुरक्षा हमारे विधान ने दी और समूचा देश न मर जाय, इसके लिए उन्होने अपनी राष्ट्रभाषा हिन्दी को घोषित किया । मै यहा यह कह देना आवश्यक समझता हू कि जिन लोगो को यह खयाल हो कि हिन्दी की जगह अग्रेजी को राजभाषा बना कर हम इस देश को जीवित रख सकेगे, वे भ्राति मे रहते है । किसी भी विदेशी भाषा को यदि किसी देश की राष्ट्रभाषा का रूप दे दिया जाय तो वह सामाजिक, धार्मिक सभी दृष्टियो से समाप्त हो जाता है । इसलिए आज हमारी सरकार को राष्ट्रभाषा और अल्पसख्यक भाषाओ की ईमानदारी से सुरक्षा करनी चाहिए ।

सभापति महोदय, मैने इस कमिशन की रिपोर्ट को पढा है, लगभग सभी प्रान्तो ने भाषायी अल्पसख्यक वर्गों को सरक्षण देने की चेष्टा की है, कही अधिक कही कम । ठीक है शिकायत हो सकती है, परन्तु इस मे एक बहुत बडा महान चमत्कार मुझे देखने और पढने को मिला । मै आपके द्वारा उसी की ओर ध्यान दिलाना चाहूगा ।

जब कमीशन पजाब मे अध्ययन के निमत गया तो आप देखेगे कि पजाब की गवर्नमेट ने वहा क्या रिपोर्ट दी है । अपनी रिपोर्ट की धारा 254 मे कमीशन लिखता है :

The latest position about implementation of the safeguards for linguistic minorities was sought from the Punjab Government as was done with regard to other States and Union Territories for writing the present Report The Punjab Government have stated that after reorganisation Punjab has become a unilingual State and there is now no linguistic minority whatsoever The Punjab Government have also said that since there is no linguistic minority in the State, the question of supplying the information asked for in the Questionnaire regarding implementation of safeguards for linguistic minorities does not arise

यह पजाब गवर्नमेट विचार व्यू है कि पजाब मे कोई भी भाषायी अल्पसख्यक वर्ग नही है और इस कमिशन की रिपोर्ट क्या है । अध्यक्ष महोदय, वह मै आपको बताना चाहता हू । उस कमीशन ने पजाब की खोज करने के बाद अपनी राय क्या दी है, यह मै बताना चाहता हू । उन्होने अपनी राय दी है कि ·

It has been pointed out to the Punjab Government that their statement that there is no linguistic minority whatsoever in the State does not appear to be factual The first ten language groups (Punjabi, Hindi, Urdu, Nepali, Tamil, Malayalam, Kashmiri, Pahari unspecified, Marathi and Dogri) in the reorganised State, supplied by the Director, Census Operations, Punjab, have also been intimated And the Punjab Government have been requested to implement the various safeguards for linguistic minorities in conformity with the agreed all India policy The matter has also been brought to the notice of the Ministry of Home Affairs, Government of India Nothing further has been heard till the writing of the Report

यह कमीशन की मान्यता है कि दस लिग्विस्टिक माइनारिटीज है पजाब मे और यह उनकी रिपोर्ट है और उसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय, उस गवर्नमेट की स्थिति क्या है, यह मै आपको बताना चाहता हू । कमीशन ने पजाब सरकार की वर्तमान भाषायी नीति का वर्णन करते हुए लिखा है कि

At all levels of instruction, Punjabi will be the First Compulsory Language and the medium of instruction.

जहा यह है सविधान के अनुसार हर माता पिता को अपनी मातृभाषा मे अपने बच्चे को पढाने का अधिकार है प्राइमरी स्कूल मे, वहा पजाब मे वह कहते है कि हमारे यहा कोई

[श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी]

लिंग्विस्टिक माइनारिटी नही है । हर एक को गुरुमुखी पढ़नी ही पड़ेगी । यह वहा की स्थिति है । सभापति महोदय, हमारे लिए यह चिन्ता का विषय इसलिए है कि पंजाब मे बोली भले ही पंजाबी हो, लेकिन वहां के हिन्दू हिन्दी लिखते हैं जो 40 परसेंट की माइनरिटी में हैं और मै उसका एक प्रमाण देना चाहता हूं कि हिन्दुओं की आज तक कोई भी धर्म पुस्तक, रामायण, महाभारत या अन्य कोई धर्म ग्रंथ पंजाबी या गुरुमुखी भाषा में नहीं छपी और मै यहां तक कहने के लिए तैयार हूं कि सिख लोगों के जो अपने धर्म ग्रन्थ हैं, जो उनका गुरू ग्रंथ-साहब है वह भी उनके गुरुओं नें हिन्दी में ही लिखा और बाद में गुरु अंगद साहब के समय मे यह गुरुमुखी शुरू हुई और आज वहा सब लोगों पर गुरुमुखी लादी जा रही है । इतना ही नही पंजाब की जो स्थिति है, जो स्थिति वहा चल रही है वह मै आपको बताना चाहता हूं । रिपोर्ट में धारा 258 इस प्रकार है :

3 P.M.

"In July 1969, the State Government issued instructions to the effect that Punjabi would be the medium of instruction at both the primary and secondary stages. In December 1969, the State Government amended their earlier instructions to enable private aided schools to continue as hitherto. Even this policy falls short of the agreed scheme of safeguards for imparting instruction through the mother-tongue at the primary and secondary stages of education. Several representations have also been received from Hindi-speakers for facilities for instruction through the mother-tongue. These have also been brought to the notice of the State Government. It is felt that the Punjab Government should agree to the provision of facilities for instruction through the mother-tongue if the stipulated number of pupils are available in any school."

यह कमिशन की रिपोर्ट है । लेकिन पंजाब गवर्नमेंट ने केन्द्रीय सरकार के तमाम इस्ट्रकशंस को, तमाम हिदायतों को फाड़ कर फैंक दिया है और वहां की स्थिति आज यह है कि कमिशन अपनी रिपोर्ट में लिखता है :

"During the Commissioner's visit to Punjab in November 1969, the Chief Minister said that calendars and publicity materials were printed both in Punjabi and Hindi. Punjabi, Hindi and English were being used on signboards and milestones."

लेकिन कमिशन ने जब जांच की तो कमिशन ही अपनी रिपोर्ट के पैरा 262 नम्बर पर लिख रहा है ।

"On a complaint that the entire official work in Punjab was being carried on only in Punjabi, the State Government have said that under the Punjab Official Language Act, 1967, Punjabi is the State Official Language at all levels of administration."

उपसभापति महोदय, इस कमिशन की रिपोर्ट के अनुसार, आपकी सविधान के अनुसार जहां कहीं स्कूल में 40 बच्चे है, प्राइमरी स्कूल में जिस किसी क्लास में 10 बच्चे हैं तो यह प्रत्येक स्टेट की डयूटी है कि उनको उनकी मातृ भाषा में पढाने की व्यवस्था करें । इस सम्बन्ध में दूसरे प्रान्तों नें चेष्टायें भी की हैं और केन्द्रीय सरकार ने भी इसके लिये निदेशन किया है, लेकिन पंजाब गवर्नमेंट ने कही भी किसी भी प्रकार से नही माना है । अभी आप यह अपने नजदीक मे देख लिजिए आपका गुडगांव डिस्ट्रिकट है, यहां पर मुसलमान बडी मेजारिटी में रहते है, उनकी भाषा उर्दु है वृद्ध पंजाबी हिन्दू भी तमाम उर्दू पढ़ते है, उसके मायने यह हैं कि जो आज तक उर्दू लिखते रहे और पढ़ते र वह आज कोई भी ज्ञान प्राप्त नही कर सकते । आज के इस वर्तमान युग में अखबार नही पढ़े सौभाग्य से पुराने काल से जो उर्दू अखबार यहां चलते हैं, यह "मिलाप" है "प्रताप" है, उनके कारण से पंजाब के लोगों को कुछ प्रकाश मिलता रहता है, लेकिन सोचें तो कि अब वहां की स्थिति क्या बनेगी, उनके बच्चों का क्या होगा, वह धार्मिक शिक्षा कैसे प्राप्त करेंगे । मैं हिन्दुओं के बच्चों की दृष्टि से कहना चाहता हूं कि अगर हमारे बच्चे नही पढ़ेंगे हिन्दी भाषा तो वह रामायण, महाभारत कैसे पढ़ेंगे, अपने

धर्म ग्रन्थों को कैसे पढ़ेगे । वह फिर क्या हिन्दू रह जायगा । वे नाम को हिन्दू रह जायगे ।

रिपोर्ट मे आया है, पजाब गवर्नमेंट ने बताया है कि हम चौथी क्लास से हिन्दी अनिवार्य करते है । कहा है कि चौथी क्लास से हिन्दी कम्पल-सरी हम ने कर दिया है । उपसभापति महोदय, शिक्षा मत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकाश बच्चे पहली और दूसरी क्लास को पास करते करते ही स्कूल से निकल कर चले जाते है, ऐसे बच्चो के भागने की रिपोर्ट 40 परसेंट, 50 परसेंट के लगभग पहुच चुकी है, तो अगर बच्चे दूसरी और तीसरी श्रेणी से भाग कर निकल गये तब तो हिन्दी पढने का उन्हे कभी मौका नही मिलेगा पंजाब मे, फिर वह अपनी रामायण भी नही पढ सकेंगे, वेद शास्त्रो की बात तो बहुत दूर चली जायगी । फिर हम क्या वहा आत्म हत्या करलें । मैं गवर्नमेंट से जानना चाहता हू कि . .

**श्री को० प० सुब्रह्मण्य मेनोन :** रामायण तो सब लेंगुएज मे होती है ।

**श्री ओ३म् प्रकाश त्यागी :** यही मै कह रहा हूं । आपको जानकारी नही है । गुरुमुखी मे नही है । जो पजाब मे स्टेट लैंगुएज है, उसमें हमारा कोई धार्मिक ग्रथ नही है । यह जानकारी आप प्राप्त कर लीजिए ।

इतना ही नही है, गवर्नमेंट मे नौकरियो की स्थिति भी विचित्र है । कमीशन की रिपोर्ट बोलती है :

"The State Government have not furnished any information about the language qualifications for recruitment to the State services."

अंत में कमीशन की रिपोर्ट में है कि :

"State Government have not published a pamphlet detailing the safeguards for linguistic minorities available in the State."

